पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस–विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 05 एवं एन0बी0डब्ल्यू0 में 02 अभियुक्त गिरफ्तार ।

दिनांक–18-03-2023

दिनांक 17/18–03–2023 को रात्रि थाना अमीनाबाद 02, थाना गाजीपुर 01, थाना पारा 01, थाना सुशान्तगोल्फ सिटी 01 एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना पारा 01, थाना हसनगंज 01 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 05 एवं एन0बी0डब्ल्यू0 में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना मड़ियांव–दिनांक 18.03.2023 को थाना मड़ियांव द्वारा बताया गया कि वादी श्री मोनू यादव पुत्र श्री अवधेश सिंह यादव निवासी–के 04 प्लॉट बी शालीमार गार्डेन वे थाना मड़ियांव लखनऊ ने थाना मड़ियांव पर सूचना दिया कि दिनांक 09.03.2023 को वादी अपने उपरोक्त आवास से फिरोजाबाद गया था। दिनांक 17.03.2023 को वादी अपने घर पर वापस आया तो देखा कि वादी के घर में रखी हुयी वादी व उसकी पत्नी और मां की सोने–चांदी की कीमती जेवरात, घर में रखे बर्तन और अन्य सामान व 30,000/–नगदी को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना मड़ियांव पर मु0अ0सं0 108/2023 धारा 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना काकोरी–दिनांक 18.03.2023 को थाना काकोरी द्वारा बताया गया कि राजेश चौरसिया पुत्र झगडू निवासी–निरालानगर सण्डीला जनपद हरदोई ने थाना काकोरी पर सूचना दिया कि दिनांक 17.03.2023 को समय करीब 21.00 बजे रात्रि को उसका भाई संतोष चौरसिया उम्र करीब 30 वर्ष कृषि कार्य हेतु अपने ट्रैक्टर नं0 यूपी 30 एआर 0593 से बड़ा गांव से कठिंगरा नहर के रास्ते जा रहा था कि रास्ता सही न होने को कारण व अचानक ऊंची ढाल आने के कारण दुर्घटनावश उक्त ट्रैक्टर पलट गया जिससे उसका भाई ट्रैक्टर के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री राजू सागर मो0न0 8175002122 थाना काकोरी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक के 01 लड़का है।

थाना गोसाईगंज–दिनांक 18.03.2023 को थाना गोसाईगंज द्वारा बताया गया कि दिनांक 17.03.2023 समय करीब 06.00 बजे सायं को अशोक सिंह उम्र करीब 51 वर्ष पुत्र देवधारी सिंह निवासी–म0नं0 49 साईं रेजीडेंसी थाना बीबीडी अपनी मोटरसाइकिल से मोहनलालगंज से वापस अपने घर जा रहे थे कि रास्तें में इन्दिरानहर बहद ग्राम सिनौना थाना गोसाईगंज में किसी अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर अशोक सिंह उपरोक्त की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया गया, जिन्हें गंभीर रूप से घायल अवस्था में उनके परिजनों द्वारा सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने अशोक सिंह को मृत घोषित कर दिया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री राजेश कुमार मो0नं0 8172956855 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक लकड़ी ठेकेदारी का काम करता था। मृतक की 03 लड़कियां हैं।